पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने 'डिजिटल इण्डिया प्लान में बी0एस0एन0एल0 की भूमिका' विषयक संगोष्ठी का उद्घाटन किया

लखनऊ: 11 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज भारत संचार निगम लिमिटेड एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य शाखा द्वारा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आयोजित संगोष्ठी 'डिजिटल इण्डिया प्लान में बी0एस0एन0एल0 की भूमिका' के उद्घाटन अवसर पर कहा कि डिजिटल इण्डिया कहना और डिजिटल इण्डिया करना, दोनों में अन्तर है। विचार करें कि यह काम जल्दी से जल्दी कैसे सम्भव हो। डिजिटल इण्डिया का अर्थ और उससे जनता को होने वाले लाभ को समझाने की जिम्मेदारी बीएसएनएल की है। समय पर काम करें तो लक्ष्य पूरा होता है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को अच्छी सेवा मिले यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

श्री नाईक ने कहा कि बीएसएनएल जनता को बेहतर सुविधा देने और कड़ी स्पर्धा के लिये तैयार रहे। अपनी सेवा से ग्राहकों को आकृष्ट करना एवं बेहतरीन सेवा देने का वातावरण बनाये बीएसएनएल में यह क्षमता है। ऐसे में बीएसएनएल के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का योगदान महत्वपूर्ण है। देश के प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल इण्डिया प्लान की शुरूआत की है। संचार सेवाएं देश की प्रगति की वाहक हैं। उन्होंने कहा कि सूचना तकनीकी के दौर में शहर और गांवों की दूरियां समाप्त करें तभी देश प्रगति करेगा।

श्री अशरफ अली खान, अधिशाषी निदेशक, बीएसएनएल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। बीएसएनएल की सेवाएं सुदूर क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के लिये भी लाभदायी है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से सरकार द्वारा कई नई योजनाओं की शुरूआत की गई।

श्री एच0आर0 शुक्ला, सीजीएमटी, बीएसएनएल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि डिजिटल इण्डिया प्लान गांव-गांव तक पहुंचे, लोगों को पूरी जानकारी मिले तथा गांवों में भी संचार माध्यमों की सुविधा उपलब्ध हों। उन्होंने उत्तर प्रदेश में डिजिटल इण्डिया प्लान की भावी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

संगोष्ठी में अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

ALL INDIA
SEMINAR

ALL INDIA
Hon'ble Shri Governor

ALL INDIA
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
SEMINAR
Prahlad Rai
Hon'ble Shri Governor
Ashraf Ali Khan
H.R.Shukla

ALL INDIA
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
EXECUTIVES' ASSOCIATION
Uttar Pradesh (East) Circle, Lucknow
SEMINAR
"Role of BSNL in Digital India Plan"
5th CIRCLE CONFERENCE
Shri Ram Naik
Shri Prahlad Rai
SEMINAR
On
"Role of BSNL in Digital India Plan"